आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 24.08.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- चमोली के थराली में राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया।
- मुख्यमंत्री ने कहा– सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और प्रभावित गांवों तक राहत और सहायता पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।
- गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय श्रीअन्न महोत्सव–2025 का समापन हो गया।
- अल्मोड़ा में ऐतिहासिक नंदा देवी मेला 28 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित होगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

चमोली के थराली में भारी बरसात से हुए नुकसान के बाद राहत एवं बचाव कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। इस बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदा प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने राहत बचाव कार्यों की जानकारी ली और प्रभावितों के जल्द पुनर्वास के निर्देश दिए। कुलसारी क्षेत्र में बनाए गए आपदा राहत शिविर में मुख्यमंत्री धामी ने प्रभावितों से मुलाकात की और उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार हर पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और प्रभावित गांवों तक राहत और सहायता पहुँचाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

डीआरडीओ

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने एकीकृत हवाई रक्षा शस्त्र प्रणाली का कल ओडिशा तट के पास पहला सफल परीक्षण किया। इस बहु–स्तरीय स्वदेशी प्रणाली में ज़मीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल, कम दूरी की उन्नत हवाई रक्षा प्रणाली वाली मिसाइल और लेजर–चालित निर्दिष्ट एनर्जी शस्त्र शामिल हैं। परीक्षण उड़ान के दौरान इस प्रणाली से अलग–अलग दूरी पर स्थित तीन लक्ष्यों को सफलतापूर्वक नष्ट किया गया। इस अवसर पर संगठन के वरिष्ठ वैज्ञानिकों के अलावा सशस्त्र बलों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परीक्षण उड़ान की सफलता पर डीआरडीओ के वैज्ञानिकों, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस अनूठी प्रणाली की सफलता से देश की बहु–स्तरीय हवाई सुरक्षा क्षमता स्थापित हुई है और इससे देश के रक्षा प्रतिष्ठानों की सुरक्षा मज़बूत होगी।

स्वास्थ्य मंत्री

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश पहुंच कर थराली आपदा में घायल लोगों से मिले और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। इस मौके पर मंत्री ने बताया कि थराली में भीषण आपदा की चपेट में आये लोगों को स्थानीय स्तर पर ही उपचार दिया

जा रहा है, लेकिन आधा दर्जन गंभीर रूप से घायल लोगों को एयर एम्बुलेंस के माध्यम से एम्स ऋषिकेश पहुंचाया है। यहां उनका उपचार विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में किया जा रहा है। उन्होंने एम्स प्रशासन को निर्देश दिए कि घायलों के उपचार में किसी भी प्रकार की कोताही न बरती जाए और उनकी देखभाल प्राथमिकता के आधार पर की जाय।

## श्रीअन्न महोत्सव–2025

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रहे तीन दिवसीय श्रीअन्न महोत्सव–2025 का आज समापन हो गया। महोत्सव के अंतिम दिन विकसित राष्ट्र के लिए भारत में श्रीअन्न की पुनः खोज, विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने श्रीअन्न प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने शोधकर्ताओं, किसानों और स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा विकसित श्रीअन्न आधारित नवाचारों, मूल्यवर्धित उत्पादों, व्यंजनों और उद्यमिता मॉडलों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। अजय टम्टा ने श्रीअन्न को बढ़ावा देने के लिए पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की और कहा कि श्रीअन्न हमारी सांस्कृतिक विरासत और पोषण संबंधी धरोहर है।

## नंदा देवी मेला

अल्मोड़ा में ऐतिहासिक नंदा देवी मेले के आयोजन को लेकर तैयारियां जोर शोर से चल रही हैं। आयोजकों ने बताया कि मेला 28 अगस्त से 3 सितंबर तक आयोजित होगा। 27 अगस्त से विभिन्न प्रतियोगिताएं प्रारम्भ होंगी। 28 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री मेले का शुभारंभ करेंगे। 3 सितंबर को मां नंदा–सुनंदा की भव्य शोभायात्रा के साथ मेले का समापन होगा। इस दौरान मेला समिति ने मां नन्दा सुनंदा का पोस्टर भी जारी किया। नन्दा देवी मेला समिति के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने कहा कि बार मेले को और भव्य स्वरूप दिया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदेशभर से कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## नशा मुक्त भारत अभियान

नशा मुक्त भारत अभियान के तहत चंपावत जिले के चंपावत, लोहाघाट व टनकपुर में एथलेटिक्स, फुटबॉल, वॉलीबॉल, हॉकी ,हैंडबॉल आदि खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए नशा मुक्ति की सामूहिक शपथ भी दी जा रही है। उप जिलाधिकारी अनुराग आर्य ने बताया कि आए दिन नशे की प्रवृत्ति बढ़ रही है इसे दूर करने के लिए समय–समय पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

## अल्मोड़ा लिट्रेचर फेस्टिवल

अल्मोड़ा लिट्रेचर फेस्टिवल संगठन की ओर से महिलाओं की पारम्परिक कुमाऊंनी लोकगीत समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ रंग कर्मियों और साहित्यकारों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोक कलाकारों ने भी प्रस्तुति दी। अल्मोड़ा लिटरेचर फेस्टिवल की अध्यक्ष डॉ वसुधा पंत ने कहा कि लोक परम्परा को जीवित रखने के उद्देश्य से महिलाओं की पारम्परिक कुमाऊंनी लोकगीत समूह गायन प्रतियोगिता आयोजित की गई।

हैदराबाद मैराथन

प्रदेश की भागीरथी बिष्ट ने आज हैदराबाद मैराथन में स्वर्ण पदक जीत लिया। भागीरथी बिष्ट चमोली जिले में देवाल ब्लाक के दूरस्थ गांव वाण की रहने वाली हैं। भागीरथी ने 42 किलोमीटर की दौड़ को 2 घंटा 51 मिनट में पूरा किया। पुरस्कार के तौर पर उन्हें गोल्ड मेडल के साथ तीन लाख रुपए की धनराशि मिली है। भागीरथी की इस उपलब्धि पर चमोली सहित देवाल क्षेत्र में खुशी का माहौल है। भागीरथी बिष्ट के कोच अंतराष्ट्रीय मैराथन एथलीट सुनील शर्मा ने बताया कि भागीरथी बिष्ट ने इससे पूर्व ईरान में भी 42 किलोमीटर मैराथन में प्रतिभाग किया है और देश के अगल–अलग हिस्सों में कई मैराथन दौड़ में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है।